UP GIS-23 में दस हजार निवेशकों को संबोधित करेंगे पीएम नरेंद्र मोदी, कार्यक्रम स्थल को सात ब्लॉकों में बांटा गया

लखनऊ के वृंदावन क्षेत्र में होने वाले यूपीजीआईएस-23 के कार्यक्रम स्थल को सात ब्लॉक में बांटा गया है। पहला ब्लॉक उद्घाटन समारोह का होगा। इसमें दस हज़ार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ के वृंदावन क्षेत्र में होने वाले यूपीजीआईएस-23 के कार्यक्रम स्थल को सात ब्लॉक में बांटा गया है। पहला ब्लॉक उद्घाटन समारोह का होगा। इसमें दस हज़ार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद विदेश और देश के उद्योगपतियों को सम्बोधित करेंगे।

राज्य को इंडस्ट्री का हब बनाने के लिए फरवरी में होने वाली यूपीजीआईएस-23 में उद्योगपतियों के स्वागत हेतु तैयारियों में तेजी देखने को मिल रही है। आयोजन स्थल पर विदेशी और देश के उद्योगपतियों की हर सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सुरक्षा के भी पुख़्ता इंतज़ाम किए जा रहे हैं।

उदघाटन ब्लॉक के बगल में ही वीआईपी लाउंज, पार्टनर कंट्री (नीदरलैंड्स, डेनमार्क, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, द यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, इटली एवं मॉरीशस), इंड्रस्टी पार्टनर (सीआईआई, फ़िक्की), नालेज पार्टनर (ई एंड वाई) के लाउंज के साथ फ़ूडकोर्ट बनाया जा रहा है।

ड्रोन शो, पुलिस कंट्रोल रूम, मेडिकल इमरजेंसी का भी रखा जा रहा ध्यान

यूपीजीआईएस-23 कार्यक्रम के ब्लू प्रिंट के अनुसार तीसरे ब्लॉक में मीडिया सेंटर बनाया जा रहा है, जहां से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा । निकट पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सीसीटीवी से हर गतिविधि पर नज़र रखेंगे और समय समय पर अपने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। पाँचवा ब्लॉक ड्रोन शो के लिये तैयार किया जा रहा है। इसी के साथ दर्शक दीर्घा भी बनाई जा रही है, जहां पर हज़ारों की संख्या में लोग ड्रोन शो का आनंद ले सकेंगे।